वर्कशीट संख्या-२

कक्षा- 10 विषय : हिंदी पाठ- बालगोबिन भगत

प्रश्न 1 बालगोबिन भगत की मौत उन्हीं के अनुरूप हुई । वह हर वर्ष गंगा –स्नान करने जाते। स्नान पर उतनी आस्था नहीं रखते, जितना संत –समागम और लोक –दर्शन पर ।पैदल ही जाते । करीब तीस कोस पर गंगा थी । साधु को संबल लेने का क्या हक ? और , गृहस्थ कि से भिक्षा क्यों माँगें ? अतः घर से खाकर चलते , तो फिर घर पर ही लौटकर खाते । रास्ते भ खंजड़ी बजाते , गाते जहाँ प्यास लगती , पानी पी लेते । चार – पाँच दिन आने – जाने में ल किन्तु इस लंबे उपवास में भी वही मस्ती ! अब बुढ़ापा आ गया था , किन्तु टेक वही जवानी वाली । इस बार लौटे तो तबीयत कुछ सुस्त थी । खाने – पीने के बाद भी तबीयत नहीं सुधरी थोड़ा बुखार आने लगा । किन्तु नेम – व्रत तो छोड़ने वाले नहीं थे । वही दोनों जून गीत , स्नान ध्यान , खेतीबारी देखना । दिन – दिन छीजने लगे । लोगों ने नहाने – धोने से मना किया , आराम करने को कहा । किन्तु , हँसकर टाल देते रहे । उस दिन भी संध्या में गीत गाए , किन्तु मालूम होता जैसे तागा टूट गया हो , माला का एक – एक दाना बिखरा हुआ । भोर में लोगों ने गीत नहीं सुना, जाकर देखा तो बालगोबिन भगत नहीं रहे सिर्फ उनका पंजर पड़ा है !

उपरोक्त गद्यांश के आधार पर प्रश्न हल करो ?

(अ) भगत के गंगा –स्नान का मुख्य उद्देश्य होता था –

(क) पुण्य कमाना (ख) पाप धो जाना (ग) गंगा के सोंदर्य का दर्शन

(घ) संत समागम और लोक दर्शन ।

(ब) बालगोबिन भगत का घर गंगा से कितनी दूर था –

(क) बीस कोस (ख) दस कोस (ग) पचास कोस (घ) तीस कोस ।

(स) इस बार का गंगा – स्नान पिछले गंगा –स्नानों से किस प्रकार भिन्न था ?

(क) इस बार वे पैदल ही आ गए (ख) इस बार उन्होंने रास्ते में कुछ नहीं खाया

(ग) इस बार वे जल्दी वापस आ गए (घ) इस बार लौटकर आने में उनकी तबीयत खराब हो गई ।

(द) उस दिन लोगों ने भोर में गीत क्यों नहीं सुना ?

(क) भगत गंगा –स्नान को गए थे (ख) भगत के धीरे स्वर में गाने के कारण

(ग) लोगों को नींद आ जाने के कारण (घ) भगत की मौत हो जाने के कारण ।

(य) " संध्या " शब्द का विशेषण रूप इनमें से कौन –सा है ?

(क) सांध्य (ख) सायंकाल (ग) साँझ (घ) शाम ।

प्रश्न– 2 - पाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

(क) बालगोबिन भगत किस प्रकार सोते समय और प्रात:काल क्या करते थे ?

(ख) बालगोबिन भगत की दिनचर्या क्या थी ?

(ग) बालगोबिन भगत के मधुर गायन की विशेषताएँ लिखिए ।

(घ) धान की रोपाई करते समय बालगोबिन भगत के कार्यों का वर्णन करो ।

प्रश्न–3- नीचे लिखे वाक्यों में से क्रिया विशेषण शब्द छाँटकर लिखिए उदाहरण के अनुसार –

उदाहरण – कपड़े बिलकुल कम पहनते थे । (परिणाम वाचक क्रिया विशेषण) बिलकुल कम

(क) धीरे–धीरे स्वर ऊँचा होने लगा । (रीतिवाचक क्रिया विशेषण) ------------------

(ख) थोड़ा बुखार आने लगा । (परिमाण वाचक क्रिया विशेषण) --------------

(ग) दिन – दिन छीजने लगे । (काल वाचक क्रिया विशेषण) ----------------

(घ) उस दिन भी संध्या में गीत गाए । (काल वाचक क्रिया विशेषण) -----------------

(ड) हँसकर टाल देते रहे । (रीति वाचक क्रिया विशेषण) ----------------